Medical Science (RIMS) Hospital Lamphelpat, Manipur; and

(b) if so, the reasons for the Centre not alloting the quotas of rice, sugar, K. Oils and edible oils for the hospital of RIMS?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD AND CONSUMER AFFAIRS (SHRI SATYAPAL SINGH YADAV): (a) Yes Sir.

(b) The Central Government make allocation of rice, wheat sugar, kerosene and edible oil in bulk to the State/Union territories as a whole. Specific allocation to any organisation or institution of the State/UT is not made. The allocation and distribution within the State/UT is carried out by the State Government/UT Administration.

आयातित पामोलीन तेल में मिलावट

1447.**श्री ईश दत्त यादव:**
प्रो॰ रामगोपाल यादव:

क्या खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हिन्दुस्तान वेजीटेबल आयल कारपोरेशन द्वारा आपूर्ति किए गए आयातित खाद्य तेल पामोलीन में मिलावट है;

(ख) क्या सरकार ने उस विभाग में कोई निरीक्षण किया है जहां इस तेल की पैकिंग करते हैं, यदि हां, तो निरीक्षण रिपोर्ट के क्या परिणाम निकले हैं तथा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या पूर्व में भी पैकिंग विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कोई शिकायत की गई थी; और

(घ) यदि हां, तो किन-किन अधिकारियों के विरुद्ध शिकायत की गई और उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सत्य पाल सिंह यादव): (क) जी, नहीं।

(ख) से (घ) हिन्दुस्तान वेजीटेबल आयल्स कारपोरेशन द्वारा मुम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, अमृतसर, कानपुर, बंगलौर और चेन्नाई में तेल की पैकिंग की जाती है। राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों, जहां पर हिन्दुस्तान वेजीटेबल आयल्स कारपोरेशन की ओर से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए खाद्य तेलों की पैकिंग की जा रही है, से इस तेल में मिलावट की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। जहां तक दिल्ली इकाई का संबंध है, वनस्पति, वनस्पति तेल और वसा निदेशालय ने तेल के नमूने लिये हैं और किसी भी नमूने में कोई मिलावट नहीं पाई गई है।

हिन्दुस्तान वेजिटेबल आयल कारपोरेशन द्वारा तेल की पैकिंग

1448.**प्रो॰ रामगोपाल यादव:**
श्री रमा शंकर कौशिक:

क्या खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकारी कंपनी हिन्दुस्तान वेजीटेबल आयल्स कारपोरेशन में खाद्य तेलों की पैकिंग संबंधी जांच इस संबंध में जारी निर्देशों के बावजूद नहीं की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में निर्देशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई की है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सत्य पाल सिंह यादव): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

हिन्दुस्तान वेजिटेबल आयल कारपोरेशन की निगरानी

1450.**प्रो॰ रामगोपाल यादव:**
श्री रमा शंकर कौशिक:

क्या खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हिन्दुस्तान वेजीटेबल आयल कारपोरेशन के विभिन्न विभागों/इकाइयों के कार्यकरण की निगरानी की जाती है;

(ख) क्या गत कई वर्षों से स्थानान्तरण/टेंडर, नियुक्ति, पदोन्नति और कंपनी के अन्य मामलों में मानकों व मानदंडों को नजरअंदाज किया जाता रहा है;